अनुस्मारक

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

सं.: हि.अनु./संगठन/4(2)/फील्ड कार्यालय समीक्षा/2022/ 108 दिनांक: 11 APR 2023

सेवा में,

सभी अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.), अंचल/
सभी अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल),
निदेशक, पीडीनास

विषय: राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों को अतिरिक्त कार्य सौंपा जाना ।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में मुख्यालय के पत्र संख्या: हि.अनु./संगठन/4(2)/फील्ड कार्यालय समीक्षा/2022/5231 दिनांक: 10.02.2023 (प्रति संलग्न) / (क.भ.नि.सं. की वेबसाइट 2022-23 पर क्र.सं. **362** पर उपलब्ध) के संबंध में सूचित किया जाता है कि अभी तक उक्त रिपोर्ट केवल 5 आंचलिक कार्यालय, यथा - **मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश, चेन्नई एवं पुदुच्चेरी, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह एवं सिक्किम** से प्राप्त हुई है । शेष आंचलिक कार्यालयों से यह अनुरोध है कि अपने कार्यालयों सहित अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी सभी क्रियाकलाप समय पर किए जाएं तथा उनकी रिपोर्ट समय पर मुख्यालय को भेजी जाए । साथ ही अपने अधीनस्थ कार्यालयों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनके कार्यालय में तैनात राजभाषा कर्मी [वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी/उप निदेशक (राजभाषा)] से राजभाषा संबंधी कार्य ही कराया जा रहा है तथा इसकी एक समेकित रिपोर्ट दिनांक **28.04.2023** तक मुख्यालय अवश्य प्रेषित करें ।

भवदीया,

वीणा रानी यादव
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :-

(1) सभी प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय ।

(2) क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (एन.डी.सी.) को वेब-साइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित ।

वेब परिचालन

ईपीएफओ, मुख्य कार्यालय
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली 110066

EPFO, HEAD OFFICE
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
BHAVISHYA NIDHI BHAWAN, 14, BHIKAIJI CAMA PLACE, NEW DELHI 110066
www.epfindia.gov.in

सं.: हि.अनु./संगठन/4(2)/फील्ड कार्यालय समीक्षा/2022/ 5231 दिनांक: 10 FEB 2023

सेवा में,

सभी अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.), अंचल/
सभी अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल),
निदेशक, पीडीनास

विषय: राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों को अतिरिक्त कार्य सौंपा जाना ।

संदर्भ: मुख्यालय पत्र संख्या हि.अ./राभा.सम्मेलन-13/संगठन/2011/2523-2723 दिनांक 26.05.2011 (कभनिसं की वेबसाइट पर वर्ष 2011-12 में क्रम संख्या 138 पर)

महोदय,

यह तथ्य जानकारी में आया है कि राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों को विभिन्न कार्यालयों में, उनके कार्य के अतिरिक्त, अन्य कार्य सौंपें जा रहे हैं । इसका परिणाम यह हो रहा है कि राजभाषा संबंधी कार्य सही तरीके से समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण कार्य संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण तथा उससे जुड़ी निरीक्षण प्रश्नावली तैयार करने से संबंधित है ।

प्राय: यह देखा गया है कि अनुवाद अधिकारियों से रोकड़ अनुभाग से संबंधित कार्य, जन सम्पर्क कार्य, समन्वय कार्य आदि कराए जा रहे हैं तथा राजभाषा के कार्य को दूसरे स्थान पर रखा जा रहा है। इससे राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों की सही प्रतिभा / क्षमता सामने नहीं आ पा रही है । मुख्यालय को समय पर रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही हैं तथा राजभाषा विभाग के पोर्टल पर भी देरी से रिपोर्ट अपलोड की जा रही हैं।

उपरोक्त के आलोक में पुनः यह स्पष्ट किया जाता है कि राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों को उनके मूल कार्य के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य नहीं सौंपे जाएं । आंचलिक कार्यालयों के प्रभारियों से अनुरोध है कि कृपया मामले का स्वत: संज्ञान लें और इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं कि कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी सभी क्रियाकलाप समय पर किए जाएं तथा उनकी रिपोर्ट समय पर मुख्यालय को भेजी जाए।

आंचलिक कार्यालयों से यह भी अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनके कार्यालय में तैनात राजभाषा कर्मी [वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी/उप निदेशक (राजभाषा)] से राजभाषा संबंधी कार्य ही कराया जा रहा है तथा इसकी एक समेकित रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाएं।

आंचलिक कार्यालयों से यह भी अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय की एक समेकित रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित करें कि उनकी अधीनस्थ सभी कार्यालय राजभाषा विभाग के पोर्टल पर अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर अपलोड कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कार्यालय कोड तथा कार्यालयाध्यक्ष कोड को भी प्रदर्शित किया जाए।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाए।

भवदीया,

(वीना टम्टा भाटिया)
अपर केन्द्रीय भ. नि. आयुक्त (मुख्यालय) / प्रभारी राजभाषा

प्रतिलिपि :-

(1) सभी प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय ।

(2) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त के निजी सचिव को सूचनार्थ ।

(3) क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (एन.डी.सी.) को वेब-साइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित ।

(वीणा रानी यादव)
निदेशक (राजभाषा)